# ग्राम पंचायत क्योरी, विकास खण्ड बैजनाथ जिला काँगड़ा, हि॰ प्र॰ –176077 के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## भाग–एक

1. **प्रस्तावना**

(क)ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत क्योरी, विकास खण्ड बैजनाथ, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा संचालित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

**प्रधानः–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री शिव कुमार | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**सचिव :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री संजय कुमार | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**तकनीकी सहायक :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री विजय सिंह | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**ग्राम रोजगार सहायक :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री चन्द्रपाल | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–**

ग्राम पंचायत क्योरी के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः–

| क्र0 सं0 | पैरा सं0 | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में अन्तर पाया जाना | 0.003 |
| 2 | 6.1 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 13.63 |
| 3 | 6.2 | अनुदान 14वां वित्तायोग के अन्तर्गत शेष बची राशि को ग्राम पंचायत द्वारा सभा निधि में अनियमित हस्तांतरण करना | 2.45 |
| 4 | 7.1 | सम्पत्तिकर/गृहकर का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.39 |
| 5 | 8 | विवाह पंजीकरण शुल्क को सरकारी कोष में जमा न करवाने से राजस्व हानि | 0.02 |
| 6 | 9.1 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक का क्रय करना | 0.50 |
| 7 | 9.2 | खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण अनियमित भुगतान करना | 3.82 |
| 8 | 10 | निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करना | 10.16 |
| 9 | 11 | स्त्रोत पर जी० एस०टी /टी० डी० एस ०की कटौती करने हेतु अपेक्षित अभिलेख संधारित न करने के कारण सरकारी राजस्व की सम्भावित हानि | 0.09 |
| 10 | 15.3 | ऑनलाईन रोकड़ बही में दर्ज राशि की आय प्रविष्टि की बैंक में पुष्टि न होना | 0.31 |

## (ध)गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–

हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत क्योरी का गत अंकेक्षण अवधि 01/04/2014 से 31/03/2017 के लिए किया गया था, जिसके अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरो पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरो की नवीनतम स्थिति निम्नलिखित हैः–

**(1)अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2014 से 31/03/2017 तक**

| क्र0 सं0 | पैरा सं0 | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | निर्णीत | मुख्यालय से पुष्टि करने उपरांत |
| 2. | 4(1) (i,ii) | अनिर्णीत | — |
| 3. | 5 | अनिर्णीत | — |
| 4. | 6(i,ii ,iii) | अनिर्णीत | — |
| 5. | 7 | निर्णीत | राशि ₹1795/—की वसूली रसीद संख्या 0093276, दिनांक 18.03.2025 द्वारा करने उपरान्त खाता संख्या 20070004741 में जमा करवा दी गई है। |
| 6 | 8 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दी गई है। |
| 7 | 9 | अनिर्णीत | — |
| 8 | 10 | अनिर्णीत | — |
| 9 | 11 | अनिर्णीत | — |
| 10 | 12 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दी गई है। |
| 11 | 13 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दी गई है। |
| 12 | 14 | अनिर्णीत | — |

## भाग—दो

## 2. वर्तमान अंकेक्षणः—

ग्राम पंचायत क्योरी के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 03.03.2025 से 13.03.2025 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत की गई स्कीम वाईज ऑनलाईन रोकड़ बहियों के आधार पर

किया गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गयाः–

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2022–23 | 03/2023 | 05/2022 |
| 2023–24 | 01/2024 | 01/2024 |

**अस्वीकरण(Disclaimer):–वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।**

**3. अंकेक्षण शुल्कः–**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹5600/– आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2025/160 दिनांक–13.03.2025 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया। सचिव द्वारा अंकेक्षण शुल्क की राशि काँगडा केन्द्रीय सहकारी बैंक बीड के मल्टीसिटी चैक संख्या 022187 दिनांक 29.03.2025 द्वारा निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग को भेज दी गई है।

## 4.1 (क).वित्तीय स्थितिः–

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः–राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का./2025/140 दिनांकः–03.03.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट**–1 में दिया गया हैः–

1.स्वः–स्त्रोतः–

| अवधि | अथशेष (₹) | प्राप्ति (₹) | योग (कॉलम 2+3) (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (कॉलम 4–5) (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 1332705.32 | 1376347.68 | 2709053.00 | 1139881.00 | 1569172.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023-24 | 1569172.00 | 761984.88 | 2331156.88 | 1037982.00 | 1293174.88 |

2.अनुदानः—

| अवधि | अथशेष (₹) | प्राप्ति (₹) | योग (कॉलम 2+3) (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (कॉलम 4—5) (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 1630915.24 | 3522783.76 | 5153699.00 | 2773751.00 | 2379948.00 |
| 2023-24 | 2379948.00 | 2635359.00 | 5015307.00 | 3652262.00 | 1363045.00 |

**कुल योग** (1+2)1293174.88+1363045.00=**2656219.88**

**(ख) बैंक समाधान विवरणीः—**

दिनांक 31.03.2024 को ग्राम पंचायत की ऑनलाईन रोकड़ बहियों/वित्तीय स्थिति अनुसार अन्तशेष ₹26,56,219.88/- तथा प्रस्तुत बैंक खातों/हस्तगत राशि **"परिशिष्ट—3"** अनुसार अन्तशेष ₹26,56,570.88/—से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार हैः—

| | **बैंक खातों की विवरणीः—** | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र0 सं0** | **विवरण** | **बैंक** | **खाता** | **अन्त शेष (₹)** |
| 1 | स्वःस्त्रोत/तीसरा वित/एस.डी.आर.एफ/ईको विलेज/एस.डी.पी/पी.एस/एस.डी.आर.एफ/एस.बी.एम | का•के•सह•बैंक बीड | 20070004741 | 1355576.88 |
| 2 | वी.के.वी.एन.वाई | का•के•सह•बैंक बीड | 50058159733 | 51328 |
| 3 | एम.पी.लेड | का•के•सह•बैंक बीड | 50058159722 | 1636 |
| 4 | टी.एस.सी/एस.बी.एम | का•के•सह•बैंक बीड | 50051604591 | 0 |
| 5 | 14वाँ वित्त | का•के•सह•बैंक बीड | 50065394292 | 0 |
| 6 | 15वाँ वित्त/पी.एस/ जेड.पी | एच•पी•जी•बैंक बीड | 87900100056780 | 1247630 |
| 7 | हस्तगत शेष (स्वःस्त्रोत की ऑनलाईन रोकड़ बही के अनुसार) | | | 400 |
| **बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2024 का कुल योगः—** | | | | **₹2656570.88** |
| **दिनांक 31.03.2024 को बैंक समाधान विवरणी :—** | | | | |

| | |
|---|---|
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति (पैरा 4) के अनुसार अन्तशेषः— | ₹26,56,219.88 |
| पंचायत के बैंक खातों/नकद का दिनांक 31.03.2024 का अन्तशेषः— | ₹26,56,570.88 |
| अन्तर:— अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना। | |

**(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातों के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अंकेक्षण में राशि ₹351/— का अन्तर पाया जाना :—**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत क्योरी द्वारा हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त बजट लेखे ,संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2024 को ऑनलाईन रोकड बहियों तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹351/- का अन्तर बैंक में अधिक शेष के रूप में था। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा—4 में दिया गया है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/142 दिनांकः—04.03.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—GPK/01/2025 दिनांकः—13.03.2025 द्वारा दिया गया कि बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अन्तर के कारणों बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए वर्तमान में अन्तर का शीघ्रातिशीघ्र मिलान करके भविष्य में भी नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

**(घ) स्कीम वाईज बैंक खाते न खोलने बारेः—**

निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच—एच.ए (5) सी (15) —(13) (एल) 5—47005—81 दिनांक—15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज बैंक खाते खोले जाने का प्रावधान है।

सचिव ग्राम पंचायत क्योरी द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट "3"** व बैंक खातो के अंकेक्षण में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा बैंक खाते स्कीम वाईज नहीं खोले गये थे, बल्कि स्वःस्त्रोत, व तीसरा वित, ईको विलेज, एस.डी.पी,एस.डी.आर.एफ,पी.एस व एस.बी.एम आदि शीर्षो के अन्तर्गत नियमो एवं निर्देशो के विरूद्ध संयुक्त खाता संख्या 20070004741 खोला गया था, जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति न दर्शाने एवं नियमों/निर्देशों के विपरीत होने के कारण

आपतिजनक है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/146 दिनांकः–05.03.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या– GPK/01/2025 दिनांकः–13.03.2025 द्वारा अवगत करवाया कि शीर्ष वाईज खातो का अनुसंधारण दिया कर दिया जायेगा।

अतः उक्त स्पष्ट निर्देशों के उपरान्त भी स्कीम वाईज खातो का संचालन न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार व समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशो अनुसार ही बैंक खातो का रख–रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## (ड.) लेखा खाता/खाता बही तैयार न करनाः–

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 29(1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप–7 में लेखा खाता/खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि 2022–23 व 2023–24 की खाताबही/लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे। उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने के कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान चयनित मास के व्यय वाउचरों से इस तथ्य की पुष्टि सम्भव न हो सकी कि निम्न तालिका में दर्शाए गए कार्यो हेतु कितनी–कितनी राशि प्राप्त हुई व कितना व्यय हुआ है तथा निम्न कार्यो को पूरा किया जा चुका है अथवा नहींः–

| क्र0 सं0 | अनुदान | वाउचर सं0/ दिनांक | बिल सं0, मस्ट्रोल सं0/दिनांक | कार्य का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ईको विलेज | पी/15/17 /11.01. 2024 | 769/16.02.2023 | निर्माण ईंटरलॉक टाईल रोड मेन रोड से रणविजय के घर की ओर वार्ड.–3 | 26580 |
| 2 | एस.बी. एम | पी/16,17 /18,19/1 1.01.2024 | 771,772/17.02. 2023 | निर्माण भवन व शैड प्लास्टिक वेस्ट प्रबंधन यूनिट वार्ड 7 | 81420 |
| 3 | एस.डी.पी | पी/03/20 | 802/08.08.2023 | नि0सुरक्षा दीवार नजदीक | 27921 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | /24.01.<br>2024 | | प्रीतम चन्द सुपुत्र दुवाना राम घर नाला वार्ड 3 | |
| 4 | 15वां वित | पी/28,29<br>/20.01.<br>2024 | 005,808/20.06.<br>2023,07.05.2023 | निर्माण एस.एल.डब्ल्यू.एम वार्ड 1 से 7 | 36416 |

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा स्वः स्त्रोत व अनुदानों से प्राप्त की गई आय की भी लेखा खाता/खाता बही के अभाव में वास्तविक प्राप्तियों की अंकेक्षण में सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी, जोकि आपतिजनक है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/158 दिनांकः–13.03.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–GPK/01/2025 दिनांकः–13.03.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त अवधि की खाता बहियों/लेखा खातों को तैयार करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा अंकेक्षण को दिए आश्वासन के दृष्टिगत इस अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाताबही/लेखा खाते तैयार किये जाने सुनिश्चित किये जायें व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 5 निवेश न करने बारेः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है कि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में अंकेक्षण अवधि के दौरान कोई निवेश नहीं किया गया था, जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के मुख्य निधि खाते में अंकेक्षणवधि के दौरान ₹15,04,182 से ₹13,55,576.88 तक की राशि शेष थी। इस चूक के कारण संसाधनो की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से वंचित होना पड़ा है।

इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/158 दिनांकः13.03.2025 द्वारा अनुरोध किया गया,

जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या– GPK/01/2025 दिनांक 13.03.2025 द्वारा भविष्य में अनुपालना का आश्वासन दिया है।

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा निवेश की स्थिति में हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 12 (1) के अंतर्गत उल्लेखित प्रारूप–1 के अनुसार निवेश रजिस्टर का संधारण किया जाना भी सुनिश्चित किया जाये।

## 6.1 अनुदान की राशि ₹13.63/– लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/140 दिनांकः–03.03.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि **परिशिष्ट–1 व परिशिष्ट–2** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31–03–2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹13,63,045/– की राशि उपयोग हेतु शेष थीः–

| क्र0सं0 | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | वी.के.वी.एन.वाई | 31.03.2024 | 48108 |
| 2 | एस.डी.पी | 31.03.2024 | 65796 |
| 3 | एम.पी.लेड | 31.03.2024 | 1511 |
| 4 | 15वाँ वित्त/पी.एस/जेड.पी | 31.03.2024 | 1247630 |
| | | **कुल जोड** | **1363045** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षो के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

अतः इस शेष राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/143 दिनांक–04.03.2025 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–GPK/01/2025 दिनांकः–13.03.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि शेष/अनुपयोग अनुदान राशि को आगामी समय में व्यय करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के उचित कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

**6.2 अनुदान 14वां वितायोग के अंतर्गत शेष बची राशि ₹2.45 लाख को ग्राम पंचायत द्वारा सभा निधि में अनियमित हस्तांतरण करने बारे :–**

विशेष सचिव **(RD&PR)** हि0 प्र0 सरकार के पत्र संख्या No.I/518921/2024 PCH-HC(1) e-PRI दिनांक 21.11.2024 द्वारा जारी दिशा–निर्देशों अनुसार 14वें वित के अंतर्गत ई–ग्रामस्वराज पोर्टल पर व्यय करने की समयबद्धता को 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दिया गया है।

वर्तमान अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा निम्नविवरणानुसार 14वां वितयोग से राशि ₹2,44,848/– का हस्तांतरण सभा निधि में किया गया था, जोकि उक्त नियम/निर्देशों की अवहेलना है। इसके अतिरिक्त उक्त हस्तांतरित राशि से सम्बन्धित फण्ड हस्तांतरण आदेश या सक्षम अधिकारी द्वारा पारित आदेशों से सम्बन्धित अभिलेखो को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया है:–

| क्र0सं0 | अनुदान | दिनांक | बैंक | खाता संख्या | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 14वां वित | 31.03.2023 | का•के•सह•बैंक बीड | 50065394292 | 244848.00 |

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/158 दिनांकः–13.03.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–GPK/01/2025 दिनांकः–13.03.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त हस्तांतरण आदेशों बारे विभाग के उच्चाधिकारियो से चर्चा करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर संतोषजनक नहीं पाया गया।

अत उक्त किये गए अनियमित हस्तांतरण बारे सम्पूर्ण समर्थित अभिलेखो सहित वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा उक्त को सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाए व यह भी सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी फण्ड हस्तांतरण आदेशो उपरान्त ही हस्तांतरण करना सुनिश्चित किया जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

पंचायत राजस्व से प्राप्त आयः–

**7.1 सम्पति कर/गृहकर की ₹0.40 लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जानाः–**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त,बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणों के परादेय/अदत(Outstanding)नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0 /2025/140 दिनांकः–03.03.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर के रूप में **₹39550**/– की राशि दिनांक 31.03.2024 को वसूली हेतु शेष थी। सम्पत्तिकर/गृहकर की राशि का बिना पर्याप्त कारणों के शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गंभीर नहीं है। परिणामस्वरूप सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत के सम्पत्ति कर/गृहकर का मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर को भी तैयार नहीं किया गया था, जिसके अभाव में **परिशिष्ट "4"** पर दर्शाए गए दिनांक 31.03.2024 को सम्पत्ति कर/गृहकर के रूप में वसूली हेतु शेष राशि व अंकेक्षण अवधि के दौरान सृजित की गई मांग तथा दिनांक 01.04.2022 को दर्शाए गए अथशेष की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/144 दिनांकः–05.03.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–GPK/01/2025 दिनांकः–13.03.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि सम्पति कर/गृहकर की बकाया राशि की वसूली करने उपरान्त सभा निधि में जमा करवा दिया जाएगा तथा उक्त से सम्बन्धित मांग व संग्रह रजिस्टर को तैयार करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए अंकेक्षण को दिए आश्वासन के दृष्टिगत बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करके, भविष्य में भी इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए तथा सम्पति कर/गृहकर मांग व संग्रह रजिस्टर को भी तैयार करके व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 7.2 सम्पत्ति कर/गृहकर से प्राप्त आय राशि ₹0.02 लाख को बैंक में जमा करवाये बिना व्यय के फलस्वरूप अस्थाई दुर्विनियोजन करने बारे:–

हि०प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 4(2) के अनुसार पंचायत द्वारा आय में प्राप्त धन राशियों को सम्बन्धित बैंक में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

स्वःस्त्रोत सम्पतिकर/गृहकर की रसीद बुकों के अंकेक्षण पर पाया गया कि निम्न तालिका के अनुसार राशि ₹1750/- ग्राम पंचायत द्वारा बैंक में जमा नहीं करवाई गई, फलस्वरूप पंचायत की स्वः स्त्रोत की आय के दुर्विनियोजन की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता व यह एक वितीय अनियमितता है:–

| क्र0सं0 | रसीद संख्या | रोकड़ बही पृष्ठ संख्या | प्राप्त राशि (₹) | बैंक में जमा राशि (₹) | कम जमा राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 0596518 | निल | 300 | 19100 | 300 |
| 2 | 0596519 से 0596600 | निल | 8000 | | |
| 3. | 0596601 से 0596700 | निल | 10000 | | |
| 4. | 048 से 052 | निल | 1000 | | |
| 5. | 596701 | निल | 100 | | |
| 6. | 0093001 से 0093100 | 51 | 10000 | 31400 | 1450 |
| 7 | 0093101 से 0093200 | 51 | 10000 | | |
| 8 | 0596806 से 0596895 | 51 | 8550 | | |
| 9 | 056900 | 51 | 50 | | |
| 10 | 0093201 से 0093243 | 51 | 4250 | | |
| **कुल** | | | **52250** | **50500** | **1750** |

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या:– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/152 दिनांक:–10.03.2025 द्वारा सूचित किया गया, जिसकी अनुपालना में इस राशि की रसीद संख्या 0093277 के माध्यम से सभा निधि खाता सख्या 20070004741 में दिनांक 18.03.2025 को जमा करवा दिया गया जिसकी अंकेक्षण पुष्टि कर ली गई है।

अतः यह सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में इस गलती की पुनरावृति न हो एवं कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 8 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि ₹0.02/– लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाकर पंचायत निधि में अनियमित जमा करने बारे:—

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक:–04.10.2016 के अंतर्गत विवाह पंजीकरण शुल्क निर्धारित दर से प्राप्त करने के उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या "0070–60–108–01" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक: राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/140 दिनांक:–03.03.2025 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर संलग्न सूचना अनुसार ग्राम पंचायत क्योरी द्वारा वर्ष 2022–23 व 2023–24 के दौरान राशि ₹1800 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई ,परन्तु उसे सरकारी कोष में जमा न करवाकर पंचायत के निधि खाते में जमा करवाया गया था,जोकि अनियमित ही नहीं बल्कि आपतिजनक है।

विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त उक्त राशि को सरकारी कोष जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/145 दिनांक:–05.03.2025 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत क्योरी के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या– GPK/01/2025 दिनांक:–13.03.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को सरकारी कोष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 9.1 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹0.50/– लाख के स्टॉक का क्रय करना:—

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4), 67(5), 69 एवं 70 के अन्तर्गत पंचायत द्वारा किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित निविदायें आंमत्रित करना, मांग, अनुबन्ध सूची, आपूर्ति आदेश इत्यादि औपचारिकताएं प्रावधित हैं।

ग्राम पंचायत क्योरी के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा, संलग्न **परिशिष्ट ''6''** के अनुसार ₹49856/– का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा उक्त व्यय करते समय बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया था।

पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2025/154 दिनांकः–11.03.2025 द्वारा उपरोक्त अनियमितत्ता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– GPK/01/2025 दिनांकः–13.03.2025 द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करके ही सामान क्रय किया जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए इसे सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

### 9.2 खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण राशि ₹3.82/– लाख का अनियमित भुगतान करने बारेः–

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81–ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्ल्यू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा,परन्तु निदेशक ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD&PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 के अंतर्गत पुनः दिये गये निर्देशानुसार संविदाकारों/आपूर्तिकर्ताओं से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के दृष्टिगत अब रॉयल्टी नहीं काटी जा सकती तथा इन्हें भुगतान केवल वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" जमा/उपलब्ध करवाने उपरान्त ही किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मासो के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण व सचिव द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट ''7''** पर संलग्न सूचना के अनुसार निर्माण कार्यो के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत,बजरी,पत्थर इत्यादि वैध स्त्रोत से आपूर्ति के समर्थन में उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किए गए। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹382497/– का

अनियमित भुगतान किया गया तथा पूर्वोक्त नियम ,प्रावधानों एवं समय –समय पर जारी आदेशों व निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना के दृष्टिगत अंकेक्षण अवधि में किये गए समस्त भुगतान अनियमित प्रतीत होते हैं।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2025/155 दिनांक:–12.03.2025 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:–GPK/01/2025 दिनांक:–13.03.2025 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त व्यय वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्त किये बिना ही किया गया है व उक्त व्यय जानकारी के अभाव में किया गया है। वर्तमान समय से उक्त फॉर्म प्राप्त करने उपरान्त ही भुगतान किया जा रहा है ,प्रस्तुत उत्तर अंकेक्षणापति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया, क्योंकि उपरोक्त पत्र में वर्णित निर्देशानुसार समस्त भुगतान वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्ति उपरान्त किये जाने थे।

अतः अंकेक्षण अवधि के दौरान खनन निर्माण सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को नियमो के विरूद्ध एवं समय–2 पर जारी निर्देशों के विरूद्ध किये गये समस्त अनियमित भुगतानों को (उनके पूर्ण विवरण सहित) या तो समर्थित अपेक्षित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा ऐसे सभी प्रकरणों को सम्बन्धित जिला खनन अधिकारी के समक्ष उठाते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 10 विभिन्न निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में राशि ₹10.16/– लाख के अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने बारे:–

हि•प्र• पंचायती राज (वित, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 79(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मास 05/2022 व 01/2024 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा निम्न तालिका के अनुसार राशि ₹10,15,770/–का भुगतान किया गया था, परन्तु निम्न निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में अंकेक्षण हेतु वांछित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं कियें गए, जिसके अभाव मे किये गये व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सका, फलस्वरूप कृत व्यय को सन्देहास्पद बनाता है:–

| क्र0सं0 व अनुदान | वाउचर सं/ दिनांक | बिल संख्या/ दिनांक | कार्य का नाम | भुगतान राशि (₹) | वांछित अभिलेख |
|---|---|---|---|---|---|
| 1.मनरेगा | निल/30.05.2022 | 608,620,1204 1/01,03,28. | निर्माण चेक डैम नजदीक पूर्ण चन्द सुपुत्र | 56149 | प्राक्कलन ,माप–पुस्तिका, |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 12.2021 | कालीदास जमीन नाला वार्ड–6 | | |
| 2.मनरेगा | शून्य / 30. 05.2022 | 12015,616,62 0 / 11.08. 21,03.12.21 | निर्माण चेक डैम नजदीक घर अशोक कुमार नाला | 56149 | माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 3.मनरेगा | शून्य / 30. 05.2022 | 12015,618,62 0 / 11.08. 21,03.12.21 | निर्माण चेक डैम हंस राज सुपुत्र लक्षमन जमीन नाला वार्ड–5 | 43523 | माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 4.मनरेगा | शून्य / 21, 30.05. 2022 | 23231,5084 / 25.03. 22,09.03.22 | निर्माण चेक डैम नजदीक अभिषेक ठाकुर जमीन नाला वार्ड–2 | 24604 | माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 5.मनरेगा | शून्य / 30. 05.2022 | 619 / 03.12. 2021 | निर्माण पोलटरी शेल्टर पवन कुमार सुपुत्र अर्जुन कुमार | 15215 | माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 6.मनरेगा | शून्य / 30. 05.2022 | 498 / 20.10. 2021 | निर्माण कुल्ह / डंगा पुनू राम सुपुत्र सुवांरू राम लम्बाहार वार्ड 1 | 1400 | माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 7.मनरेगा | शून्य / 30. 05.2022 | 498 / 20.10. 2021 | नि0 रोड पवनेश सुपुत्र शेर सिंह की जमीन से बीड लिंक की ओर वार्ड. 3 | 1400 | माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 8.मनरेगा | शून्य / 30. 05.2022 | 620,610,1201 5 / 03.12. 21,08.11.21 | निर्माण रास्ता चतर सिंह के घर से कौशल्या के घर की ओर वार्ड 1 | 97362 | प्राक्कलन, माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 9.मनरेगा | शून्य / 21. 05.2022 | 23231 / 25. 03.2022 | निर्माण रास्ता गणेश के घर से लुहारू राम के घर की ओर वार्ड 5 | 60689 | प्राक्कलन, माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 10.मनरेगा | निल / 30. 05.2022 | 609,12015,62 1 / 03.12. 21,11.08.21, | निर्माण जीपेवल रोड प्रकाश चन्द के घर से संजय कुमार के घर तक वार्ड 4 | 60122 | माप–पुस्तिका, 34–सी |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 11.मनरेगा | शून्य / 30. 05.2022 | 5084 / 09.03. 2022 | निर्माण जीपेवल रोड होशियार सिंह के घर से सुभद्रा देवी के घर की ओर वार्ड 6 | 62330 | माप–पुस्तिका,34–सी |
| 12.ईको विलेज | पी / 15 / 17 / 11. 01.2024 | 769 / 16.02. 2023 | निर्माण ईंटरलॉक टाईल रोड मेन रोड से रणविजय के घर की ओर वार्ड.–3 | 26580 | माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 13.एस.बी. एम | पी / 16,17 / 18,19 / 11.01. 2024 | 771,772 / 17. 02.2023 | निर्माण भवन व शैड प्लास्टिक वेस्ट प्रबधन यूनिट वार्ड 7 | 81420 | माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 14.एस.डी. पी | पी / 03 / 20 / 24. 01.2024 | 802 / 08.08. 2023 | नि0सुरक्षा दीवार नजदीक प्रीतम चन्द सुपुत्र दुवाना राम घर नाला वार्ड 3 | 27921 | माप–पुस्तिका,34–सी |
| 15.15वां वित | पी / 28,29 / 20.01. 2024 | 005,808 / 20. 06.2023,07. 05.2023 | निर्माण एस.एल.डब्ल्यू.एम वार्ड 1 से 7 | 36416 | माप–पुस्तिका,34–सी |
| 16.मनरेगा | शून्य / 23. 01.2024 | मस्ट्रोल–4957 | डिसिलटिंग चेक डैम पंचायत घर नजदीक खडड वार्ड 2 | 9120 | माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 17.मनरेगा | शून्य / 23. 01.2024 | मस्ट्रोल–5132 ,4422 | नि0सुरक्षा दीवार नजदीक सुंका राम सुपुत्र बुधु राम घर वार्ड 7 | 25920 | माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 18.मनरेगा | शून्य / 23. 01.2024 | मस्ट्रोल–5131 | नि0 सुरक्षा दीवार भूमि सिंह सुपुत्र पोढु राम जमीन वार्ड 3 | 21600 | माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 19.मनरेगा | शून्य / 23. 01.2024 | मस्ट्रोल–4421 | नि0 सुरक्षा दीवार पदीनु राम जमीन वार्ड 7 | 21360 | माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 20.मनरेगा | शून्य / 23. 01.2024 | मस्ट्रोल–5129 ,4420 | नि0 शेड नजदीक गुडी देवी घर जमीन वार्ड 7 | 39120 | माप–पुस्तिका, 34–सी |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 21.मनरेगा | शून्य / 03. 01.2024 | मस्ट्रोल–4284 | नि0 सुरक्षा दीवार राज कुमार सुपुत्र चुनी लाल जमीन वार्ड 4 | 18480 | प्रस्ताव,माप–पुस्तिका, 34–सी |
| 22.मनरेगा | शून्य / 23, 03.01. 2024 | मस्ट्रोल–5128 ,4624 | नि0 सुरक्षा दीवार नजदीक चिन्तामणि घर वार्ड 7 | 36000 | माप–पुस्तिका, 34–सी |
